## महत्वपूर्ण एवं खास

### हरिराम निगानिया का निधन

रायगढ़। नगर की प्रतिष्टित फर्म कृष्णा स्टील इंडस्ट्रीज और अनिल स्टील इन्डस्ट्रीज के संचालक और निगानिया परिवार के वरिष्ठ सदस्य हरिराम निगानिया का आज दोपहर 2 बजे निधन हो गया, वे 82 वर्ष के थे।

स्व हरिराम निगानिया गोपाल राम निगानिया, बृजमोहन निगानिया व स्व ओमप्रकाश निगानिया के बड़े भाई और स्व राधाकिशन (राधू), आनंद कुमार (अन्नू) और अनिल निगानिया के पिताश्री थे। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा 28 जून की शाम 5 बजे उनके दानी पारा दुर्गा टेलर के बगल स्थित निवास से निकाली गई।

### फीफा वर्ल्डकप 2018 में अब तक कितने गोल और गोल्डन बूट की रेस में आगे कौन

फीफा वर्ल्डकप 2018 के कुल 64 मुकाबलों में से आधे से अधिक पूरे हो चुके हैं। शनिवार से फुटबॉल का यह महाकुंभ अगले पड़ाव यानी नॉकआउट राउंड में प्रवेश करने वाला है। आइए जानते हैं कि अभी तक आंकड़ों की जुबानी कैसा रहा यह विश्वकप-

गोल्डन बूटः इंग्लैंड के कैप्टन हैरी केन पांच गोल के साथ इस रेस में फिलहाल सबसे आगे चल रहे हैं। केन ने अभी तक के तीन मुकाबलों में एक हैटट्रिक भी मारा है। उनका यह कमाल पनामा के खिलाफ आया। वहीं, सर्वाधिक गोल मारने की सूची में दूसरे नंबर पर बेल्जियम के रोमेलु लुकाकू (चार गोल) और तीसरे पर पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो (चार गोल) हैं। रोनाल्डो ने पहले मैच में ही स्पेन के खिलाफ हैटट्रिक मारा था।

रेड और यलो कार्डः अर्जेंटीना और नाइजीरिया के बीच मैच तक इस विश्वकप में कुल 129 यलो कार्ड दिए जा चुके हैं। वहीं, रेफरी ने अभी तक तीन रेड कार्ड भी दिए हैं। वहीं, कुल 105 गोल दागे जा चुके हैं यानी हर मैच में गोल दागने का 2.6 है। बेल्जियम की टीम प्रतियोगिता में अभी तक सर्वाधिक आठ गोलकर चुकी है। जबकि, सबसे बेस्ट गोलकीपर के तौर पर उभरे हैं, मेक्सिको के गुलेरेमो। उन्होंने 14 गोल अपनी टीम के लिए बचाए हैं। डेनमार्क के क्रिस्टियन एरिकसन ने अबी तक सबसे अधिक 36 किलोमीटर की दूरी तय की है। वहीं 36 मैच के बाद फ्रांस और डेनमार्क के बीच खेला गया पहला मैच गोलरहित ड्रॉ पर छूटा।

### देवकी रामधारी फाउंडेशन की सराहनीय पहल

**सुरेश अग्रवाल के निधन के बाद,परिजनों ने किया उनका नेत्रदान**

रायगढ़। अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित फर्म सुरेश ऑटोमोबाइल के संचालक सुरेश अग्रवाल का कल रात 2 बजे आकस्मिक निधन हो गया, जिसके बाद उनके परिजनों ने उनका नेत्रदान कर महापुण्य का काम किया, जिसमें देवकी रामधारी फाउंडेशन की सराहनीय भूमिका रही,फाउंडेशन के माध्यम से डॉक्टर प्रभात पटेल के द्वारा डॉक्टर एन. के पणिकर,दिनेश देवांगन और उनकी पूरी टीम के द्वारा सफल नेत्रदान कर कार्निया को ज्योति एक्सप्रेस के माध्यम से सिम्म्स बिलासपुर पहुंचाया गया,देवकी रामधारी फाउंडेशन के प्रयास से नेत्रदाता स्वर्गीय सुरेश अग्रवाल की आंखों से अब किसी जरूरतमंद की बेनूर हो चुकी आंखें दुनिया देखेगी,भगवान पुण्यात्मा को शांति प्रदान करे।

# शानदार जीत के बावजूद भी विराट ने कहा- दूसरे मैच के लिए टीम में होंगे कई बदलाव

विराट की कप्तानी में आयरलैंड के साथ कल शुरू हुई टी-20 सीरीज में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को पहले ही टी-20 मैच में 76 रनों के अंतर से हराकर इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस जीत से विराट काफी खुश नजर आये और मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम के खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की।





रोहित और शिखर ने दिया सहारा विराट कोहली ने पोस्ट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज मुझे अपनी टीम से कोई शिकायत नहीं है। हमारी टीम की ओपनिंग काफी शानदार थी। आयरलैंड का आखिरी ओवर भी शानदार रहा। हमारे लिए रोहित और शिखर ने टीम को अच्छी स्थिति में बनाये रखा और आखिर में धोनी, रैना और पंड्या ने कुछ आक्रामक शॉट्स भी फैंस को दिखाए। गेंदबाजो ने भी काफी शानदार गेंदबाजी का परिचय दिया।

मध्यक्रम में करेंगे फेरबदल इस और विराट कोहली ने कहा कि इस बात की घोषणा पहले ही हो चुकी है कि ओपनिंग कॉम्बिनेशन के अलावा मध्यक्रम के बैटिंग आर्डर में कभी भी बदलाव किया जा सकता है। हम इसमें और भी काफी नये प्रयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही टी-20 में बेहतर प्रदर्शन के लिए हम चाहते है कि कोई भी प्लेयर किसी भी क्रम में आएं और टीम के लिए अच्छा खेल सके।

बाकी बचे खिलाडियों को अगले मैच में दिया जाएगा मौका इसी बीच विराट ने कहा कि जिन प्लेयर्स को आज मौका नहीं मिला, उन्हें अगले मैच में निश्चित खेलने का मौका दिया जाएगा। कुछ प्लेयर्स ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था, जिन्हें इस सीरीज में मौका दिया जाएगा। टीम प्रबंधन सभी को मौका देगा ताकि वो खुद को बेहतरीन साबित कर सके।

## सर्बिया को 2-0 से हराकर टॉप 16 में पहुंचा ब्राजील !



नई दिल्ली। पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन टीम ब्राजील ने बुधवार को रूस में जारी वर्ल्ड कप के अपने आखिरी ग्रुप मैच में सर्बिया को 2-0 से मात दी. इसी के साथ ब्राजील आसानी से नॉकआउट राउंड में पहुंच गया है. ब्राजील के ओर से पॉलिन्हो और सिल्वा ने गोल मारे. नेमार ने इस मैच में कोई गोल नहीं किया. मॉस्को के स्पार्टाक स्टेडियम में ब्राजील ने कोई गलती नहीं करते हुए अपने अटैकिंग गेम पर विश्वास दिखाया. ब्राजील के लिए सबसे पहला गोल 36 वें मिनट में पॉलिन्हो ने मारा. उन्हें शानदार पास मिला, जिसके बाद वो दौड़ते हुए सर्बिया की गोल पोस्ट के पास पहुंचे और गोलकीपर के ऊपर से बॉल मारकर नेट में डाल दी. इस गोल के बाद हाफ टाइम में ब्राजील ने सर्बिया पर 1-0 की लीड बना ली. हाफ टाइम के बाद भी ब्राजील ने अटैक जारी रखा. उसे 68वें मिनट में फिर मौका मिला. स्ट्राइकर थियागो सिल्वा ने कॉर्नर से मिले शॉट पर शानदार हेडर मारा जो सीधा सर्बिया के गोल में जाकर घुसा. इसी के साथ ब्राजील ने 2-0 की बड़ी बढ़त बना ली. सर्बिया आखिर तक इस बढ़त को कम नहीं कर सकी और तीन मिनट के इंजुरी टाइम के साथ मैच 2-0 से ब्राजील के नाम रहा.

## बैडमिंटन : मलेशिया ओपन से बाहर हुईं सायना

बुकिट जलील (मलेशिया)। अपनी पुरानी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ एक बार फिर भारतीय दिग्गज महिला बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल को हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के कारण वर्ल्ड नम्बर-10 सायना गुरुवार को यहां जारी मलेशिया ओपन टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। सायना को महिला एकल वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नम्बर-2 यामागुची ने 36 मिनटों के भीतर सीधे गेमों में 21-15, 21-13 से मात दी।



सायना के बाहर होने कारण अब रियो ओलम्पिक की रजत पदक विजेता पी.वी. सिंधु इस टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में एकमात्र भारतीय चुनौती पेश करने वाली खिलाड़ी रह गई हैं।

## फीफा विश्व कप : कोस्टा रिका से 2-2 से ड्रॉ खेल स्विट्ज़रलैंड अगले दौर में

स्विट्जरलैंड और कोस्टा रिका के बीच बुधवार देर रात फीफा विश्व कप के 21वें संस्करण में निझनी नोवोगोराड स्टेडियम में खेला गया ग्रुप-ई का मैच नाटकिय अंदाज में 2-2 से बराबरी पर खत्म हुआ. इस ड्रॉ के बाद भी स्विट्जरलैंड ने अगले दौर में जगह बना ली है. मैच एक समय 1-1 की बराबरी पर खत्म होता दिख रहा था लेकिन 88वें मिनट में जोसेफ डरमिक ने बेहतरीन गोल कर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी थी. यहां लगा की स्विटजरलैंड जीत जाएगी लेकिन 93वें मिनट में उसके गोलकीपर यान सोमेर के आत्मघाती गोल से स्विट्जरलैंड अंक बांटने को मजबूर हो गई. यह गोल ऐसा था जिसका पता खुद सोमेर को नहीं चला. दरअसल, 93वें मिनट में कोस्टा रिका को पेनाल्टी मिली जिसे ब्रायन रूइज ने लिया. उनका शॉट बार से टकरा पर वापस आ रहा था तभी गेंद अनजाने में सोमेर की पीठ से टकरा कर नेट में चली गई और




कोस्टा रिका को अविश्वसनीय गोल तथा ड्रॉ मिल गया. स्विट्जरलैंड के लिए 31वें मिनट में बेलरिम जेमाली ने पहला गोल किया था. वहीं केंडल वाटसन ने 56 वें मिनट में कोस्टा रिका को बराबरी दिलाई. स्विट्जरलैंड ग्रुप-ई से अंतिम-16 में जाने वाली दूसरी टीम बन गई है. उ

## नेमार के गोल का जश्न मनाने में बहन ने तोड़ लिया अपना कंधा

रियो डि जेनेरो। फीफा विश्व कप 2018 में ब्राजील की टीम शान के साथ अंतिम सोलह में पहुंच चुकी है। ब्राजील ने अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में सर्बिया को 2-0 से हराकर अंतिम सोलह में प्रवेश किया। गौरतलब है कि ब्राजील ग्रुप ई में दो जीत और एक ड्रा के साथ 7 अंक लेकर शीर्ष पर रहा। ब्राजील ने ग्रुप में स्विटजरलैंड के साथ 1-1 से ड्रा खेला और कोस्टा रिका को 2-0 से हराया।



अपनी टीम के इस प्रदर्शन से ब्राजीली प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है और वे जमकर जश्न मना रहे हैं लेकिन, ब्राजीली स्टार नेमार की बहन ने कुछ ऐसा जश्न मनाया कि उनका कंधा ही डिसलोकेट हो गया।

एक ब्राजीली न्यूज चैनल की खबर के मुताबिक, 22 जून को कोस्टा रिका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में जब ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार ने विजयी गोल दागा तो उनकी बहन रफायला सांतोष ने उत्साह में अपना कंधा ही चोटिल कर लिया। वह इस मैच को अपने एक करीबी दोस्त के साथ देख रही थीं। रफायला ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि उनके बाएं हाथ पर प्लास्टर चढ़ा हुआ है।

# सफाई के मामले में छत्तीसगढ़ का सबसे घटिया नगर पालिका बना सारंगढ़

## 6 माह में 18 वां स्थान से खिसक कर 146 वॉं स्थान पर आया सारंगढ़, देशभर के स्वच्छता सर्वेक्षण में सारंगढ़ फिसड्डी हुआ, सराईपाली प्रदेश में दूसरा, रायगढ़ देश में 54वां स्थान पर,

सारंगढ़। नगर पालिका के द्वारा लाखो रूपये का खर्च कर सारंगढ़ की सफाई व्यवस्था की पोल स्वच्छता सर्वेक्षण में खुलकर सामने आ गई जब देशभर के नगरो के रैकिं ग जारी किया गया तो छत्तीसगढ़ के नगर पालिका में सबसे बदहाल हालत सारंगढ़ का रहा। प्रदेश में 146 वां रैक हासिल कर यह अंतिम पायदान पर रहा। जनवरी माह में रैंक में 18वां स्थान पर रहने वाला सारंगढ़ महज 6 माह में ही 146वां स्थान प्राप्त किया इसके लिये नगर पालिका के निष्क्रिय अध्यक्ष और निष्क्रिय सीएमओ जिम्मेदार है। वही नदारद उपयंत्री और मिशन प्रभारी के साथ सुस्त पड़े पार्षदो के कारण भी सारंगढ़ अब कचरागण बन गया है। इस बेहद लापरवाही भरा परिणाम के बाद नगर पालिका में सन्नाटा पसरा हुआ है।





सारंगढ़ नगर पालिका को इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में 146वां स्थान मिला है। जबकि रायगढ़ नगर निगम को पूरे देश में 54वां स्थान और प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है। वही बसना नगर पंचायत को प्रदेश में 30वां स्थान प्राप्त हुआ है, वही सरिया को 136वां स्थान, बरमकेला को 115वां स्थान, डभरा को 74वां स्थान, भटगांव को 119वां स्थान, कसड़ोल को 65वां स्थान तथा पिथौरा को 23वां स्थान तथा शिवरीनारायण को 120वां स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि इस सूची में सराईपाली प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। नगर पालिका बीरगांव प्रदेश में पहले स्थान पर है वही नगर निगमो मे अंबिकापुर प्रदेश में टॉप पर है। उक्त सर्वेक्षण में सफाई व्यवस्था पर निरीक्षण किया जाता है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, खुले में शौच, सड़कों पर कचरा, मक्कड़ पर कचरा, स्कूल, अस्पताल, तालाब, मुख्यमार्ग, बाजार हाट, बस स्टैंड, सामुदायिक भवन, उद्धान के आसपास का साफ-सफाई का मूल्यांकन किया जाता है। यह सर्वेक्षण कार्य हर तीन माह में दिल्ली की टीम के द्वारा किया जाता है। इस कार्य में सारंगढ़ सबसे फिसड्डी नगर पालिका साबित हुआ है। नगर पालिका की सूची में सारंगढ़ नगर पालिका को 146वां स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि छोटे छोटे शहर सारंगढ़ से कई गुना बेहतर प्रबंधन कर अच्छे रैंक प्राप्त किये है। सारंगढ़ नगर पालिका की इस बदहाल व्यवस्था के लिये नगर पालिका के अध्यक्ष अमित अग्रवाल के साथ साथ नगर पालिका के सीएमओ खेलकुमार पटेल, उपयंत्री तारकेश्वर नायक, मिशन प्रभारी विकास पटेल, स्वच्छता प्रभारी मोहन मरावी मुख्य रूप से जिम्मेदार है। वही उनके साथ नगरपालिका की जनप्रतिनिधियो की टीम भी जवाबदारी से नही बच सकती जो कि कर्मचारियों और अधिकारियों पर लगाम लगाने में असफल रही है।

बीते तीन माह से स्थिति इस कदर खराब है कि सड़कों पर कचरो का ढ़ेर पड़ा हुआ है। वही मक्कड़ों में कचरे डाले जा रहे है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिये पहुंचने वाली महिला स्व सहायता समूहो को कचरा नही दिया जा रहा है और नालियो के पास कचरा का ढ़ेर डाल दिया जा रहा है लेकिन एक भी नगरवासी पर नगर पालिका ने कार्यवाही तो दूर एक नोटिस तक जारी नही किया है। कई वार्डो मे पार्षदो के द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में कचरा यूजर चार्ज को देने से भी नगरवासियो को मना कर दिया है जिससे कचरा कलेक्शन नही हो पा रहा है। वही सड़क के किनारे और मक्कड़ों पर कचरो का ढ़ेर भरा पड़ा हुआ है। सार्वजनिक रूप से खोले गये शौचालयो का उपयोग बंद हो गया है तालाबों के किनारे बेखौफ खुले में शौच किया जा रहा है। ना तो कोई मुनादी किया जाता है और ना ही कोई जनजागरूकता का कार्यक्रम किया जाता है। सर्वे के लिये टीम आने पर नगर पालिका परिवार चुस्ती दिखाती है और एक दो दिन साफ-सफाई का आयोजन कर नंबर बढ़वाने का प्रयास करती है। किन्तु शहर की सफाई व्यवस्था इस कदर से बदहाल हो चुकी है कि इस बार एक दो दिन की साफ-सफाई से भी काम नही बना और शहर को सबसे बदहाल नगर पालिका का खिताब दे दिया गया। वही इस बदहाल व्यवस्था के लिये नगरपालिका के सीएमओ खेलकुमार पटेल मुख्य रूप से जिम्मेदार है जिनके द्वारा सारंगढ़ पालिका की टीम को सम्हाला नही जा रहा है। वही नगर पालिका के अध्यक्ष अमित अग्रवाल की कमजोर राजनितिक पकड़ भी इस बदहाल व्यवस्था के लिये एक हद तक जवाबदार है।

**रायगढ़ की सफाई मे रोशन सक्रिय तो सारंगढ़ में केराबाई निष्क्रिय?**

**रायगढ़ नगर निगम में साफ-सफाई को लेकर विधायक रोशन अग्रवाल की सक्रियता काम आई और पूरे देश में 54वां स्थान प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाई जबकि सारंगढ़ विधायक केराबाई मनहर की निषि यता से नगर पालिका सुस्त ही रहा। एक भी दिन विधायक केराबाई मनहर ने प्रयास नही किया कि सारंगढ़ नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर समीक्षा बैठक किया जाये। जहा पर प्रधानमंत्री जी का सफाई पर विशेष फोकस करने का निर्देश था वहा पर सारंगढ़ विधायक का इस मैटर पर निराशाजनक प्रदर्शन रहा। इस कारण से सारंगढ़ को 146वां रैक मिला जो कि प्रदेश में अंतिम पायदान पर है।**

**अंतिम पायदान की रैंकिंग से खिन्न अध्यक्ष ने सीएमओ को दिया नोटिस?**

**इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीएमओ खेलकुमार पटेल की अनुपस्थिति से नगर पालिका का कामकाज ठप्प पड़ा रहता है। वही कल जारी रैंकिंग में सारंगढ़ का नाम अंतिम पायदान में होने की खबर मिलने के बाद से नगर पालिका अध्यक्ष अमित अग्रवाल का पारा सातवे आसमान पर था। सूत्रों के अनुसार सीएमओ की अनुपस्थिति और रैंकिंग की स्थिति के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने सीएमओ खेलकुमार पटेल को नोटिस जारी किया है। आने वाले दिनो में सारंगढ़ की बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक रूप से बवाल मचने की संभावना है।**